# नगर परिषद रामपुर बुशैहर, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।

## अवधि 04/2011 से 03/2013

## भाग–एक

1 **(क) प्रारम्भिक :–**

ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255(1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1–376/81–फिन(एल0ए0)खण्ड–IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर परिषद रामपुर बुशैहर, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान निम्नलिखित प्रधान व कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रामपुर बुशैहर में तैनात थे :–**

**प्रधान :–**

| क्रम संख्या | प्रधान का नाम | तैनाती की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री दीपक सूद | 01.04.2011 से 31.03.2013 |

**कार्यकारी अधिकारी :–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री बाबु राम नेगी | 01.04.2011 से 31.3.13 |

**(ख) नगर परिषद रामपुर बुशैहर के लेखों अवधि 01.04.2011 से 31.03.2013 तक अंकेक्षण में पाई गई अनियमितताओं का संक्षिप्त सार।**

| क्र0 सं0 | पैरा संख्या | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि लाखा में |
|---|---|---|---|
| 1 | 5.1 | गलत गणना के कारण ब्याज की कम प्राप्ति | 2.13 |
| 2 | 6.3 | अनुदान राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी न करना | 70.32 |
| 3 | 7.1 | विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत बकाया राशि की वसूली न करना | 79.36 |
| 4 | 7.2 | गृहकर की दर में वृद्धि नियमानुसार न करने के कारण आर्थिक हानि | 20.03 |
| 5 | 7.7 | भवन नक्शा पारित शुल्क की कम वसूली | 0.58 |
| 6 | 8.3 | लाईसैन्स फीस की कम वसूली | 0.49 |
| 7 | 10.1, 4, 5, 6 | संविदाकारों को सम्भावित अनुचित भुगतान | 0.30 |
| 8 | 11.2 | पैन्शन एवं ग्रेच्युटी निधि में कम राशि हस्तांतरण करना | 20.20 |
| 9 | 12 | अग्रिम राशि समायोजन हेतु शेष | 77.23 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :–**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने पर नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट "A" पर दर्शाई गई है। यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर नगर परिषद द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जोकि चिन्ताजनक है। अतः नगर परिषद इन पैरों को निपटाने हेतु विशेष अभियान/कार्यवाही सुनिश्चित करे व अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाये ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके।

## भाग—दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षण :—

अवधि 04/2011 से 03/2013 तक के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिए गए है। दिनांक 10.6.2013 से 14.8.2013 तक श्री रविन्दर सिंह, कनिष्ठ लेखा परीक्षक तथा श्री राजवीर सिंह अनुभाग अधिकारी द्वारा रामपुर बुशैहर में किया गया। आय की विस्तृत जॉच हेतु माह 11/11, 11/12 तथा व्यय की जॉच हेतु भी माह 11/11, 11/12 का चयन किया गया।

वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन संस्था के कार्यकारी अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग गलत सूचनाओं एवं सूचना उपलब्ध न करवाने पर पाई गई अनियमितताओं के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अंकेक्षण लेखा परीक्षा विभाग का उत्तरदायित्व केवल चयनित मासों तक ही सीमित होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्क :—

अवधि 04/2011 से 03/2013 तक के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹44,400/—बनता है। कार्यकारी अधिकारी को उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि रेखांकित बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग कसुम्पटी शिमला—9 हिमाचल प्रदेश को भेजने का अनुरोध किया गया जो कि उनके द्वारा पत्र संख्या 1496 दिनांक 21.8.13 को बैंक ड्राफ्ट संख्या 560225 दिनांक 22.8.13 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला—9 को भेज दी गई है।

## 4 वित्तीय स्थिति :—

अवधि 4/11 से 3/13 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति का विवरण नीचे दिया गया है। तथा विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "B"** पर बैंक समाधान सहित संलग्न किया गया है जिसमें निम्नलिखित टिप्पणी अपेक्षित है:—

| वर्ष | आरम्भिक शेष | प्राप्ति | ब्याज | कुल राशि | व्यय | अन्तिम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011—12 | 22188790 | 25159863 | 505542 | 47854195 | 27909002 | 19945193 |
| 2012—13 | 19945193 | 29373307 | 1067148 | 50385648 | 41143319 | 9242329 |

## (i) सावधि जमा में निवेशित राशि से प्राप्त ब्याज ₹592107/— को रोकड़ वही में लेखाकिंत न करनाः—

अंकेक्षण के दौरान सावधि जमा में निवेशित राशि से प्राप्त ब्याज ₹592107/— को रोकड़ वही में लेखाकिंत नहीं किया गया जोकि एक गम्भीर अनियमितता है तथा लेखा पद्धति के नियमों के विपरीत है ब्याज का लेखाकंन न करने से संस्था की वित्तीय स्थिति वास्तविक स्थिति को परिलक्षित नहीं करती है विस्तृत विवरण नीचें दिया गया है। अतः ब्याज की राशि का रोकड़ वही में लेखाकिंत किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

| क्र0सं0 | सावधि जमा योजना में निवेश की तिथि | निवेश की गई राशि | सावधि जमा योजना में पुनः निवेश की तिथि | पुनः निवेश | ब्याज की राशि जो रोकड़ वही में लेखाकिंत नहीं की गई |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.1.09 | 1149377 | 14.1.13 | 1601131 | 451754 |
| 2 | 6.7.11 | 100000 | 6.1.13 | 1140353 | 140353 |
| | | | | **कुल राशि** | **592107** |

## 5 निवेशः–

निम्नलिखित राशियाँ सावधि जमा योजना के अन्तर्गत दिनांक 31.03.2013 तक निवेश की गई थी जिन को परिपक्वता तिथि को पुनः निवेश/आहरण करना सुनिश्चित करें :–

| क्रम संख्या | सावधि खाता संख्या | बैंक का नाम | निवेश की तिथि | निवेशित राशि | परिपक्वता तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 928411 | हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक रामपुर | 14.01.13 | 1601131 | 14.1.14 |
| 2 | 301962 | कैनरा बैंक | 6.1.13 | 1140353 | 5.7.13 |
| 3 | 310501 | सैन्ट्रल बैंक | 23.5.12 | 1000000 | 23.5.13 |
| 4 | 4962020 | देना बैंक | 23.5.12 | 1000000 | 24.5.12 |

## 5.1 सावधि जमा योजना में निवेश की गई राशि पर देय ब्याज की गलत गणना के कारण ब्याज के रूप में ₹213291/– की कम प्राप्तिः–

अंकेक्षण के दौरान नगर परिषद निधि के सावधि निवेश की पड़ताल पर पाया गया कि सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर ब्याज की गलत गणना के कारण ब्याज के रूप में ₹213291/– की आय कम प्राप्त हुई जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए। अंकेक्षण अधियाचना संख्या आर0एम0पी0 08 दिनांक 19.6.13 द्वारा यह मामला कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रामपुर से उठाया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कार्यकारी अधिकारी द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। अतः कम ब्याज की प्राप्ति का मामला सम्बन्धित बैंक से उठाकर ब्याज की उचित राशि प्राप्त की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए। ब्याज की कम प्राप्त ₹213292/– का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| निवेश की तिथि | निवेश की राशि | ब्याज दर % | परिपक्वता की तिथि | निवेश पर प्राप्त ब्याज की राशि | अंकेक्षण अनुसार प्राप्त योग्य ब्याज | कम ब्याज की प्राप्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30.12.10 | 6078534 | 6.25 | 31.3.11 | 14269 | 95758 | 81489 |
| 31.3.11 | 6092803 | 6.25 | 30.7.11 | 75951 | 127281 | 51330 |
| 30.7.11 | 6168754 | 7.25 | 27.4.12 | 255671 | 336143 | 80472 |
| | | | **कुल प्राप्त योग्य ब्याज** | | | **213291** |

## 6 अनुदान राशि :—

कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रामपुर द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचना अनुदानो से प्राप्तियां व व्यय का विवरण अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "C"** पर संलग्न किया गया है। अनुदानों से प्राप्तियों व व्यय के विवरण की पड़ताल के पश्चात निम्नलिखित टिप्पणियां अपेक्षित है।

## 6.1 पूर्ववर्ती अवधि के दौरान बची हुई शेष अनुदान राशि बारेः—

दिनांक 31.3.11 को ₹13054843/—की अनुदान राशियां अन्तशेष भी जिनका पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "C"** पर दिया गया है। परिशिष्ट के अवलोकन पर यह पाया गया कि वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान उक्त लम्बित पड़ी राशियों में से ₹25000/— को छोड़कर अन्य राशियों का उपयोग कर लिया गया है। उपयोग की गई राशियों में से कम संख्या 3, 4, 5, 6, 8, 9 पर वर्णित ₹5780904.00 की अनुदान राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभागों को प्रेषित नहीं किये गये थे, जिन्हें यथाशीध्र सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया जाये तथा शेष बची राशि ₹25000/— को सम्बन्धित विभाग की स्वीकृति पत्र की शर्तों के अनुसार समयवध उपयोग सम्बन्धित उद्देश्य हेतु किया गया अन्यथा इस राशि को प्रत्यर्पण किया जाए।

## 6.2 वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुदान राशियों बारेः–

वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर परिषद को विभिन्न विभागों से प्राप्त अनुदान राशियों की आय–व्यय की सूची इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "C"** पर दी गई है। परिशिष्ट के अवलोकन पर निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–

## 6.3 उपयोग की गई अनुदान राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र जारी न करनाः–

उपरोक्त परिशिष्ट अनुसार नगर परिषद द्वारा अंकेक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुदान राशियों में से उपयोग की राशियों में से ₹7032601/– के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभागों को जारी नहीं किये गये थे जिनका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| वर्ष | अनुदान राशि की क्रम सं0 | राशि |
|---|---|---|
| 2011–12 | क्रम संख्या 5 एवं 8 | 106000 |
| 2012–13 | क्रम संख्या 1, 2, 3 एवं 6 | 6926601 |
| | **कुल योग** | **7032601** |

अतः उपरोक्त वर्णित राशियों के उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभागों को शीध्र प्रेषित किये जाने सुनिश्चित किये जाये।

## 6.4 अनुदान राशियों का उपयोग न करनाः–

ारिशिष्ट अनुसार नगर परिषद द्वारा वर्ष 2011–12 के दोरान क्रम संख्या 1 व 6 पर प्राप्त अनुदान राशि क्रमशः ₹50000/– व ₹73000/– का दिनांक 31.3.13 तक बिल्कुल भी उपयोग नही किया गया था। अतः उपयोग न की गई अनुदान राशि को उपयोग करने से पूर्व सम्बन्धित विभागों से कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त की जानी सुनिश्चित की जाये।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2012–13 में क्रम संख्या 4 पर वर्णित अनुदान की शेष राशि ₹374785/– को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति कर नियमानुसार उपयोग किया जाये।

### 6.5 ₹50000/– अनुदान राशि का व्यय न करनाः–

नगर परिषद रामपुर को खण्ड विकास अधिकारी रामपुर से पत्र संख्या 6178 दिनांक 27.8.2009 को वाल्मिकि सभा रामपुर में संराय भवन निर्माण हेतु ₹50000/– की अनुदान राशि प्राप्त हुई परन्तु नगर परिषद द्वारा 3 वर्षों से अधिक समय तक उक्त राशि को व्यय नहीं किया गया तत्पश्चात चैक संख्या 756626 वाऊचर संख्या 961 दिनांक 13.3.2013 को ₹50000 की राशि खण्ड विकास अधिकारी रामपुर को वापिस लौटाई गई। इस प्रकार समय रहते अनुदान की राशि को बिना खर्च किए वापिस लौटाया जाना परिषद की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए।

### 7 आयः–

### 7.1 ₹79.36 लाख की बकाया राशियों की वसूली न करनाः–

उपलब्ध करवाई गई सूचना/अभिलेख अनुसार दिनांक 31.3.13 को विभिन्न निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत ₹7936246/– की वसूली की जानी शेष थी।

| क्र0सं0 | शीर्ष | 31.3.13 को बकाया राशि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | गृहकर | 5899836 | परिशिष्ट "D" में वर्णित |
| 2 | दुकानों का किराया | 1468978 | –यथोपरि– |
| 3 | पालतू कुत्ताकर | 3800 | –यथोपरि– |
| 4 | तहबाजारी (चारपाई होल्डरस) | 48200 | –यथोपरि– |
| 5 | सिनेमा कर | 13360 | –यथोपरि– |
| 6 | साईन बोर्ड (विज्ञापन) | 103231 | –यथोपरि– |
| 7 | मोबाईल टावर | 42500 | –यथोपरि– |
| 8 | लीज पर दी गई दुकानों का किराया | 356341 | –यथोपरि– |
| | | **7936246** | |

निदेशक शहरी विकास विभाग (हिमाचल प्रदेश) के पत्र संख्या यू0एल0बी0–एच(ए)–1/87–9237–9284 दिनांक 20.6.01 के अनुसार गृहकर एवं अन्य करों की

100% वसूली करने के निर्देश दिये गये थे तथा विफलता पर सम्बन्धित कार्यकारी अधिकारी को उत्तरदायी ठहराया जाना था। उपरोक्त विवरण के अवलोकन से प्रतीत होता है कि सम्बन्धित कार्यकारी अधिकारी द्वारा उक्त पत्र के दिशा निर्देशों एवं हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियमों के अनुपालना नहीं की जा रही है, अन्यथा दिनांक 31.3.13 को इतनी अधिक राशि वसूली योग्य शेष नहीं रहती। अतः नियमों की अनुपालना न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये अथवा बकाया राशियों की वसूली हेतु अविलम्ब समुचित पग उठाये जाये ताकि नगर परिषद के विकासात्मक कार्य प्रभावित न हो।

## 7.2 गृहकर की दर में नियमानुसार वृद्धि न करने के फलस्वरूप ₹2038572/– की आर्थिक हानिः–

नगर परिषद द्वारा प्रस्ताव संख्या 1 बैठक संख्या 6 दिनांक 21.2.1997 द्वारा गृहकर दाताओं पर 10% की दर से गृहकर आरोपित किया गया था जबकि निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या यू0डी0एच0सी0 (10)–7/98–II दिनांक 17.11.03 के अनुसार सभी स्थानीय निकायों को वर्ष 2006–07 से 12.5% की दर से गृहकर आरोपित किया जाना। गृहकर की मॉग एवं वसूली नियमानुसार न करने के कारण परिषद को ₹2038572/– की आर्थिक हानि हुई इस राशि का वर्षवार विवरण निम्न प्रकार से है। अतः अवधि 2011–12 व 2012–13 के दौरान गृहकर की मॉग एवं वसूली अपेक्षित दर से न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **वर्ष** | **10% की दर में आरोपित गृहकर (₹)** | **12.5% की दर से अपेक्षित गृहकर (₹)** | **दरों में वृद्धि न करने से हुई हानि (₹)** |
|---|---|---|---|
| 2011–12 | 3924649 | 4905811 | 981162 |
| 2012–13 | 4229638 | 5287048 | 1057410 |
| | | **कुल राशि** | **2038572** |

## 7.3 गृहकर कर की नई निर्धारण सूची तैयार न करनाः–

परिषद द्वारा पुराने भवनों की वर्ष 2006–07 के उपरान्त गृहकर की पुनः Assesment नहीं की गई थी, अर्थात नगर परिषद द्वारा पुराने गृहकर दाताओं से वर्ष 2006–07 की Annual Rental Value के आधार पर ही गृहकर अधिरोपित करके तदानुसार गृहकर की वसूली की जा रही है। अतः वर्ष 2006–07 के उपरान्त गृहकर की नई निर्धारण सूची तैयार न करने बारे स्थिति की जाये अथवा नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 77 के अनुसार कार्यवाही की जाये तथा की गई कार्यवाही से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

## 7.4 किराये पर दी गई दुकानों के अनुबन्ध पत्रों का नवीकरण न करनाः–

विभिन्न दुकानों को किराये पर देने के उपरान्त अधिकतर दुकानदारों के साथ अनुबन्ध किये गये थे जिनका बाद में नवीकरण नहीं किया गया जिसका पूर्ण विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "E"** पर दिया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि कुछ एक दुकानदारों के साथ पिछले 30 वर्षों से अनुबन्धों का नवीकरण नहीं किया गया जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। अतः अनुबन्ध पत्रों का नवीकरण न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये व भविष्य में विभिन्न दुकानदारों के साथ अनुबन्ध का नवीनीकरण नियमानुसार किये जाये ताकि भविष्य में किसी भी तरह की कानूनी कार्यवाही से बचा जा सके।

## 7.5 विभिन्न सरकारी विभागों से स्टालों के किराये ₹110000/– की वसूली न करनाः–

लवी मेले से सम्बन्धित अभिलेख की पड़ताल पर पाया गया कि निम्नलिखित विभागों ने लवी मेले के दौरान प्रदर्शनी लगाने हेतु स्टाल किराए पर दिये गये थे परन्तु इन विभागों से निर्धारित किराये की राशि प्राप्त नहीं की गई जोकि एक अनियमितता है। अतः यह मामला सम्बन्धित विभागों से उठाकर शीध्र किराये की राशि वसूल करके नगर परिषद खाते में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0सं0 | विभाग का नाम | मेला अवधि | प्लाट नं0 | रजिस्टर पृ0सं0 | किराये की राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वानिकी विभाग रामपुर | 2011 | 13 व 14 | 97 | 12000 |
| 2 | जिला उद्योग केन्द्र शिमला | 2009 | 17 व 18 | 77 | 28000 |
| 3 | विद्युत विभाग रामपुर | 2012 | 8 | 107 | 14000 |
| 4 | वानिकी विभाग रामपुर | 2012 | 13 व 14 | 109 | 28000 |
| 5 | कृषि विभाग रामपुर | 2012 | 15 व 16 | 109 | 28000 |
| | | | | **कुल राशि** | **110000** |

## 7.6 ₹92052/– कार पार्किंग व लोडिंग/अनलोडिंग स्थल किराये की बकाया राशि वसूल न करनाः–

अवधि 1.7.12 से 30.6.13 तक चौधरी बस अडडा के समीप कार पार्किंग व लोडिंग/अनलोडिंग स्थल का ठेका, नीलामी द्वारा श्री देव राज भारद्वाज ठेकेदार को क्रमशः ₹1,11,000 व ₹114500/– में दिया गया था। सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा नीलामी की शर्तों के अनुसार दिनांक 1.7.12 से दिनांक 30.9.12 प्रथम तिमाही हेतु प्रथम किश्त की राशि ₹27750/– व ₹28625/– को रसीद संख्या 225/22441 दिनांक 30.6.12 द्वारा नगर परिषद निधि में जमा करवाया गया दिनांक 1.10.12 से 31.3.13 तक द्वितीय व तृतीय तिमाही की राशि जमा न करवाने के कारण पत्र संख्या 305–06 दिनांक 19.2.13 द्वारा दिनांक 26.2.13 से उपरोक्त ठेके रद्द कर दिये गये। तदोपरान्त उपरोक्त स्थलों की नीलामी अवधि 1.3.13 से 28.2.14 तक पुनः दिनांक 27.2.13 को की गई। अतः दिनांक 1.10.12 से दिनांक 26.2.13 तक कार पार्किंग व लोडिंग/अनलोडिंग स्थल की बकाया राशि ₹92053 की वसूली नियमानुसार उचित स्त्रोत से की जानी सुनिश्चित की जाये।

## 7.7 भवन नक्शा पारित शुल्क ₹58315/– की कम वसूलीः–

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या टी0सी0पी0–ए (3)–1/2006 दिनांक 26.2.2007 के प्रावधान संख्या (ख) के अनुसार भवन नक्शा पास करवाने वाले व्यक्ति से Plot Development Fees @ 5/- प्रति Sqm of Plot Area ली जानी अपेक्षित थी परन्तु अंकेक्षण में भवन नक्शा पारित रजिस्टर की पड़ताल पर पाया गया कि यह राशि सम्बन्धित व्यक्ति से प्राप्त नहीं की गई जिसका विवरण अंकेक्षण प्रतिवेदन के परिशिष्ट "F" पर दिया गया है। जिस कारण नगर परिषद को ₹58315/– की हानि हुई निर्धारित दर से शुल्क वसूल न करने बारे

औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा ₹58315/– Plot Development Fees राशि की वसूली सम्बन्धित व्यक्ति से वसूल करके परिषद खाते में जमा करवाया जाये।

## 7.8 मोबाईल टावर वार्षिक नवीनीकरण शुल्क नियमानुसार वृद्धि न करने से ₹10000/– की हानिः–

हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या यू0डी0एच0.ए0 (7) –1/2006–10396–10444 दिनांक 25.9.2006 के अनुसार नगर परिषद परिधि में लगे मोबाईल टावर पर प्रत्येक पॉच वर्ष के उपरान्त नवीनीकरण शुल्क में 25**%** की वृद्धि अपेक्षित थी परन्तु नगर परिषद द्वारा वार्षिक नवीनीकरण शुल्क ₹5000/– में 25**%** की वृद्धि नहीं की गई जिससे नगर परिषद को निम्नविवरणानुसार ₹10000/– की हानि हुई जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा उक्त राशि की प्राप्ति हेतु मामला सम्बन्धित कम्पनी से उठाकर राशि की प्राप्ति करके नगर परिषद निधि में जमा करवाई जाए।

| कम्पनी का नाम | मोबाईल टावर स्थापना वर्ष | पॉच वर्ष उपरान्त वृद्धि हेतु नियत वर्ष | 25% नवीनीकरण शुल्क में वृद्धि न करने से हुई आर्थिक हानि (अवधि 2011–12 से 2012–13) | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| बी0एस0एन0एल0–1 | 2006–07 | 2011–12 | 2500 | वर्ष 2011–12 व 2012–13 हेतु अपेक्षित वृद्धि |
| बी0एस0एन0एल0–1 | 2006–07 | 2011–12 | 2500 | –यथोपरि– |
| रिलाईन्स | 2006–07 | 2011–12 | 2500 | –यथोपरि– |
| टाटा इन्डिकाम | 2006–07 | 2011–12 | 2500 | –यथोपरि– |
| | | **कुल राशि** | **10000** | |

## 7.9 बिजली शुल्क की वसूली न करनाः—

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या एल0एस0जी0—डी (1)—9/94 दिनांक 24.8.2000 के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र में खर्च होने वाली बिजली पर 1 पैसा प्रति यूनिट की राशि बिजली विभाग से वसूल की जानी अपेक्षित थी परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि अवधि 1.4.12 से 31.3.13 की ₹59360/— (बिजली विभाग के पत्रानुसार) बिजली शुल्क की राशि प्राप्त नहीं की गई जिसे अभिलम्ब वसूल कर परिषद खाते में जमा करवाया जाए। उपरोक्त के अतिरिक्त अवधि 1.4.11 से 31.3.12 के दौरान बिजली शुल्क की जो राशि प्राप्त हुई इससे सम्बन्धित अभिलेख जैसे कि इस अवधि में नगर परिषद क्षेत्र में कितने यूनिट बिजली की खपत हुई को भी बिजली विभाग से प्राप्त नहीं किया गया जिस कारण इस अवधि में प्राप्ति राशि की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। जिसे इस प्राप्त कर आवश्यक जांच हेतु आगामी लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया जाए।

## 8 संस्थापनाः—

## 8.1 बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के New Assured Career Progression Scheme (4-9-14) को लाभ का भुगतानः—

निदेशक, शहरी विकास विभाग, शिमला के पत्र संख्या यू0एल0बी0—एच0(बी)(7).—11/87—5—16910—58 दिनांक 31.12.09 के अनुपालना में नगर परिषद कर्मचारियों को दिनांक 1.1.2006 से संशोधित वेतनमान जारी किया गया था, परन्तु परिषद प्रशासन द्वारा परिषद कर्मचारियों को New Assured Career Progression Scheme (4-9-14) का लाभ निदेशक, शहरी विकास विभाग, शिमला के अनुमोदन के बिना ही, अपने स्तर पर भुगतान कर दिया गया जबकि नियमानुसार निदेशक, शहरी विकास विभाग की स्वीकृति प्राप्त की जानी अपेक्षित थी। अतः सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त किये बिना ही New Assured Career Progression Scheme (4-9-14) को लागू करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये अथवा सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त कर इसे नियमित किया जाये।

## 8.2 ₹14624/— वेतन का अधिक भुगतानः—

श्री संजीव कुमार सामुदायिक समन्यवक को निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश शिमला के पत्र संख्या यू0डी0एच0 (बी)—15—1/2006—2388—92 दिनांक 6.2.12 के अनुसार दिनांक 18.2.2012 से अपने पद पर नियमित किया गया हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या

फिन (पी आर) बी (7) –1/2009 दिनांक 26.8.09 के फिटमेट टेबल 4 नियम 3 (d) एवं 7 के अनुसार कर्मचारी का वेतन 18.2.12 से 5910+1900 निर्धारित किया जाना अपेक्षित था परन्तु 18.2.2012 से कर्मचारी का वेतन 6400+1900 निर्धारित किया गया परिणामस्वरूप श्री संजीव कुमार को अवधि 18.2.12 से 30.6.2013 तक ₹14624/– का अधिक भुगतान किया गया जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा ₹14624/– की वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये। ₹14624/– के अधिक वेतन भुगतान का विवरण **परिशिष्ट "G"** पर संलग्न किया गया है।

## 8.3 ₹49692/– लाईसैन्स फीस की कम वसूली:–

हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या जी0ए0डी0–डी0–3 (सी) 14–2/97 दिनांक 21.9.2010 के अनुसार जिन अधिकारियों/कर्मचारियों को सरकारी आवास आंबटित है। उनके लाईसैन्स फीस की राशि में वृद्धि की गई थी परन्तु नगर परिषद द्वारा लाईसैन्स फीस की वसूली अभी तक पुरानी दर से की जा रही है परिणामस्वरूप नगर परिषद को ₹49692/– की कम वसूली की गई विस्तृत विवरण नीचे दर्शाया गया है। सरकार द्वारा निर्धारित दरों से लाईसैन्स फीस वसूली न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये व ₹49692/– लाईसैन्स शुल्क की वसूली सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों से करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

| क्र0सं0 | सरकारी अधिकारी/कर्मचारी का नाम | अवधि जिस हेतु कम वसूली की गई | लाईसैन्स फीस की निर्धारित दर प्रतिमाह (₹) | वसूल की गई दर प्रतिमाह (₹) | कम वसूली की राशि प्रतिमाह (₹) | माह की संख्या जिसकी कम वसूली की गई | कुल कम वसूली गई राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री बाबु राम नेगी | 21.9.10 से 31.3.13 व 1.5.13 से 31.5.13 | 388 | 194 | 194 | 31.3 | 6072 |
| 2 | श्री बाला राम | 21.9.10 से 31.5.13 | 228 | 114 | 114 | 32.3 | 3682 |
| 3 | श्री मोहन लाल | –यथोपरि– | 228 | 114 | 114 | 32.3 | 3682 |
| 4 | श्री गुरदास | –यथोपरि– | 228 | 114 | 114 | 32.3 | 3682 |
| 5 | श्री दलीप सिंह | –यथोपरि– | 228 | 114 | 114 | 32.3 | 3682 |
| 6 | श्री भीम सेन | 1.4.13 से 31.5.13 | 228 | 114 | 114 | 32.3 | 228 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | श्री इन्द्र सिंह | 21.9.10 से 31.5.13 | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 8 | श्री शेर सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 9 | श्री केवल राम | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 10 | श्री मोहर सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 11 | श्री केहर सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 12 | श्री नथी राम | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 13 | श्री दर्शान लाल | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 14 | श्री राकेश | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 15 | श्री अमर सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 16 | श्री पाहल सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 17 | श्री कृति सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 18 | श्री मंगत राम | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 19 | श्री वीर सिंह | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 20 | श्री मुखवीर | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 21 | श्री गुलजार | —यथोपरि— | 106 | 53 | 53 | 32.3 | 1712 |
| 22 | श्री बालक राम | 21.9.10 से 28.2.12 | 106 | 53 | 53 | 17.3 | 917 |
| 23 | श्री गुडडू | 1.6.12 से 31.5.13 | 106 | 53 | 53 | 12 | 636 |
| 24 | श्री बार राम | 1.6.12 से 31.5.13 | 106 | 53 | 53 | 12 | 636 |
| 25 | श्री संजीव | 1.3.12 से 31.5.13 | 106 | 53 | 53 | 15 | 795 |
| | | | | **कुल वसूल योग्य राशि** | | | **49692** |

## 8.4 अवकाश खाते में अधिक क्रेडिट दिया जानाः—

अंकेक्षण के दौरान श्री बीर सिंह सफाई कर्मचारी की सेवा पंजिका की पड़ताल पर पाया गया कि उक्त कर्मचारी के अवकाश खाते में 15 दिन का अधिक क्रेडिट दिया गया विस्तृत विवरण नीचे दर्शाया गया है कर्मचारी के खाते में इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाये व सम्बन्धित कर्मचारी के अर्जित अवकाश खाते में आवश्यक शुद्धिकरण किया जाए।

| नाम व पद | सेवा पंजिका अनुसार शेष | अंकेक्षण अनुसार शेष अर्जित | भिन्नता | विवरण |
|---|---|---|---|---|

**अर्जित अवकाश**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्री वीर सिंह सफाई कर्मचारी | 156 दिन | 141 दिन | 15 दिन | अवधि 1.1.12 से 30.6.12 के दौरान अर्जित अवकाश खाते में 15 के स्थान पर 30 दिन जोड़े गये |

## 8.5 अवकाश खाता/उपस्थिति रजिस्टर का उचित रखरखाव न करनाः–

अंकेक्षण के दौरान कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की पड़ताल पर पाया गया कि निम्नलिखित मामलों में उपस्थिति रजिस्टर के स्तम्भ में अवकाश की किस्म का विवरण नहीं दर्शाया गया है। उपस्थिति रजिस्टर में केवल अवकाश दर्शाया गया है। उपस्थिति रजिस्टर में दर्शाया गया अवकाश यदि अर्जित अवकाश/परिणित अवकाश है तो नियमानुसार उसकी प्रविष्टियॉ सेवा पंजिका में दर्ज की जानी अपेक्षित है परन्तु निम्नलिखित मामलों में उपस्थिति रजिस्टर में दर्शाये गये अवकाश की प्रविष्टि सेवा पंजिका में दर्ज नहीं की गई है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा मामले में नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाये।

| **कर्मचारी का नाम व पद** | **अवधि जिसे उपस्थिति रजिस्टर में अवकाश दर्शाया गया** | **दिनों की संख्या** | **विवरण** |
|---|---|---|---|
| श्री कौल राम मिस्त्री | 19.2.12 से 29.2.12 | 11 दिन | उपस्थिति रजिस्टर में 11 दिन अवकाश दर्शाया गाय परन्तु अवकाश की प्रविष्टि सेवा पंजिका में दर्ज नहीं की गई |
| श्री कौल राम मिस्त्री | 10.4.12 से 13.4.12 | 4 दिन | –यथोपरि– |
| श्री राजू बेलदार | 2.11.11 से 10.11.11 | 9 दिन | –यथोपरि– |

## 9 व्ययः–

### 9.1 लवी मेले से प्राप्त आय की राशि में से ₹50 लाख का अनियमित भुगतान करनाः–

अंकेक्षण के दौरान व्यय वाऊचरों की पड़ताल पर पाया गया कि वित्तीय वर्ष 2011–12 व 2012–13 के दौरान लवी मेले से प्राप्त आय में से ₹50 लाख की राशि का भुगतान बिना सक्षम अधिकारी के स्वीकृति के उप मण्डलाधिकारी (नागरिक) एवं सचिव अन्तराष्ट्रीय लवी मेला को किया गया यह अनियमितता है। अतः व्यय को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमित करवाया जाए। अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| वर्ष | लवी मेले से कुल प्राप्त राशि | उप मण्डलाधिकारी को भुगतान की गई राशि | लवी मेले की आय का भाग |
|---|---|---|---|
| 2011–12 | 6083900 | 2500000 | 41% |
| 2012–13 | 5968540 | 2500000 | 41.88% |

### 9.2 चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावे के रूप में ₹4880/– का अधिक भुगतानः–

अंकेक्षण के दौरान चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों की पड़ताल पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार विभिन्न सरकारी कर्मचारियों को निजि प्रयोगशाला में टेस्ट करवाने हेतु सरकार द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर से भुगतान किया गया जोकि अनियमित ही नहीं अपितु आपत्तिजनक भी है। जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा ₹4880/– की वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों से करके परिषद खाते में जमा करना सुनिश्चित किया जाए।

| वा0सं0 व दिनांक | जिसे भुगतान किया गया | भुगतान की गई राशि | आपेक्षित भुगतान | अधिक भुगतान | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 704/28.11.11 | श्री गुडडू राम बेलदार | 600 | 60 | 540 | अल्ट्रासाऊंड करवाने हेतु ₹60 का भुगतान किया जाना अपेक्षित था |
| 546/2.11.12 | श्री बाला राम क्लर्क | 600 | 60 | 540 | –यथोपरि– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 546/2.11.12 | श्री दलीप सिंह चपड़ासी | 4550 | 750 | 3800 | सीटी स्केन हेतु ₹750/– का भुगतान किया जाना अपेक्षित था |
| | | | **कुल अधिक भुगतान** | **4880** | |

## 9.3 रात्रि भोज पर ₹65805/– का अनियमित व्ययः–

वाऊचर संख्या 705, दिनांक 28.11.2011 ₹65805 का भुगतान श्री मदन शर्मा नोगली रामपुर को दिनांक 14.11.11 को लवी मेले के दौरान रात्रि भोज आयोजन हेतु किया गया। निदेशक, शहरी विकास के पत्र संख्या यू0डी0सी0 (5) 21/98 दिनांक 20.6.2007 के अनुसार इस प्रकार के आयोजन हेतु 20000/– से अधिक व्यय करने हेतु निदेशक शहरी विकास हिमाचल प्रदेश सरकार की स्वीकृति ली जानी अपेक्षित थी परन्तु इस मामले में सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई। यह अनियमित है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति प्रापत करके व्यय को नियमित करवाया जाए।

## 9.4 लवी मेले की सांस्कृतिक संध्या के आयोजन हेतु ₹366800/– का अनियमित व्ययः–

**वाउचर संख्या 658 दिनांक 12.11.11 के तहत ₹1356800/–का व्यय लवी मेले की सांस्कृतिक संध्या के आयोजन हेतु भुगतान किया गया।**

नगर परिषद के प्रस्ताव संख्या 103 दिनांक 9.11.11 के अनुसार नगर परिषद को लधु एवं सूक्षम उद्योग भारत सरकार से 20 लाख की राशि सांस्कृतिक संध्या दिनांक 12.11.11 लवी मेले के आयोजन हेतु प्रापत होनी अपेक्षित थी परन्तु नगर परिषद को लघु एवं सूक्षम उद्योग से केवल ₹990000/– की राशि प्राप्त हुई जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| दिनांक | रोकड़ पृष्ठ | प्राप्त राशि | राशि जिससे प्राप्त हुई |
|---|---|---|---|
| 16.11.11 | 127 | 490000 | राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम दिल्ली |
| 12.4.12 | 9 | 500000 | निदेशक खादी एवम ग्रामोद्योग शिमला |
| | **कुल प्राप्त राशि** | **990000** | |

अर्थात नगर परिषद द्वारा अपने स्त्तर पर ₹366800/– (1356800–990000) का अधिक/अनियमित व्यय किया गया जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा ₹366800/– अधिक व्यय की गई राशि को सम्बन्धित मंत्रालय से प्राप्त करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए अन्यथा ₹366800/– व्यय की सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमित करवाया जाए।

## 9.5 ₹10000/– प्रतिभूति राशि वापिस करने बारेः–

वाऊचर संख्या 565 दिनांक 9.11.12 की पड़ताल पर पाया गया कि ₹10000/– की राशि विभिन्न विभागों/यक्तियों को प्रतिभूति के रूप में टाऊन हाल व रैहन बसेरा को किराये पर देने के पश्चात वापिस लौटाई गई जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| राशि जिसे वापिस लौटाई गई | प्रतिभूति की वापिस लौटाई गई राशि | टाऊन हाल/रैहन बसेरा बुकिंग की अवधि |
|---|---|---|
| कृषि विभाग रामपुर | 2500 | 27.8.12 से 28.8.12 |
| श्री रोहित पटियाल | 2500 | 21.10.12 |
| श्री शिव शर्मा | 2500 | 24.10.12 |
| श्री प्रेम सिंह | 2500 | 19.10.12 |

उपरोक्त वाऊचर की पड़ताल पर पाया गया कि टाऊन हाल व रैहन बसेरा बुकिंग रजिस्टर में प्रतिभूति राशि की कोई प्रविष्टि नहीं की गई जिससे ₹10000/– प्रतिभूति राशि को लौटाए जाने की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः प्रतिभूति राशि को प्राप्त किए बिना वापिस किया जाने को न्यायोचित ठहराया जाए सम्बन्धित अभिलेख आगामी लेखा परीक्षा में आवश्यक जांच हेतु प्रस्तुत किया जाए।

## 10 निर्माण कार्यः–

### 10.1 वाऊचर संख्याः– 1027 दिनांक 29.3.13

**कार्य का नामः– C/O Retaining wall Bank at river Satluj Phase-V**

ठेकेदार का नामः– श्री राम भवन

माप पुस्तिका संख्याः– 2 पृष्ठ संख्या 42 से 45

अवार्ड पत्र संख्याः– पी0डब्लयू 8–413–17 दिनांक 21.2.12

उपरोक्त कार्य की मद संख्या 1 (Examination in foundation) की पड़ताल पर पाया गया कि संविदाकार को उपरोक्त मद हेतु प्रोवाईडिंग एण्ड लाईंग सीमेन्ट कंकरीट 1:6:12 की तुलना में 50.40 एम3 ₹200 की दर से ₹10080/– का खुदाई हेतु अधिक भुगतान किया गया जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| मद सं0 | मद का नाम | माप पुस्तिका अनुसार ली गई गणना | अंकेक्षण अनुसार जो गणना ली जानी चाहिए | अधिक ली गई गणना |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Excavation in foundation for retaining wall | 10x4.87x3+1.80/2=116.88m3 | 10x2.77x3+1.80/2=66.48m3 | 50.40m3 |
| 2 | P/L cement concrete 1:6:12 for retaining wall | 10x2.77x0.30 =8.31m33 | 10x2.77x0.30=8.31m3 | 0.m3 |

उपरोक्त मद की पड़ताल पर पाया गया कि प्रोवाईडिंग एवं लाईंग सीमेन्ट कंकरीट 1:6:12 हेतु चौड़ाई 2.77 मीटर ली गई जबकि Excavation in foundation हेतु चौड़ाई 4.87 मीटर ली गई जिससे प्रतीत होता है कि संविदाकार को खुदाई हेतु ₹10080/– का अधिक भुगतान किया गया जिसे नियमों के दृष्टिगत न्यायोचित ठहराया जाये।

उपरोक्त कार्य की मद संख्या 4 (Providing from work with steel plates shutring front) के अनुसार Retaing wall के back side हेतु from work नहीं किया गया था जबकि मद संख्या 6 (Stone filling behind retaing wall) के अनुसार Retaing wall की back side के उसी भाग में Stone filling दर्शाई गई थी जिसकी मात्रा माप पुस्तिका अनुसार 10.05x0.60x1=6.03m3 मापी गई तथा संविदाकार को 800 की दर से ₹4824/– का अनुचित भुगतान किया गया इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा अधिक/अनुचित किए गए भुगतान की उचित स्त्रोत से वसूली की जाए।

उपरोक्त कार्य के निष्पादन हेतु सीमेन्ट स्टॉक रजिस्टर की पड़ताल पर पाया गया कि संविदाकार को 725 बैग सीमेन्ट जारी किया गया जबकि संविदाकार से 675 बैग सीमेन्ट की वसूली की गई इस प्रकार 50 बैग सीमेन्ट की कम वसूली का औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा 50 बैग सीमेन्ट की वसूली नियमानुसार सुनिश्चित की जाये।

## 10.2 कार्य आंबगटन से पहले ठेकेदार को सीमेन्ट जारी करने बारेः–

कार्य का नामः– Development of road from gaura road to house of Sh. Subhash in ward No. I Phase-V

ठेकेदार का नामः– श्री सालिग राम

अवार्ड पत्र संख्याः– 1968 दिनांक 5.7.12

एमबी संख्याः– 12 पृष्ठ 33 से 36

